बरेली, सोमवार
22 जून, 2026
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 7.00
पृष्ठ 16+4=20

दैनिक जागरण inext

PAGE NO. 05, MIDDLE

# एसआरएमएस रिद्धिमा में 'कोमल निषाद' में गूंजे मधुर सुर

bareilly@inext.co.in

**BAREILLY (21 June):** एसआरएमएस रिद्धिमा में रविवार शाम गायन कार्यक्रम 'कोमल निषाद' का आयोजन हुआ. इसमें गायन गुरुओं और उनके विद्यार्थियों ने शास्त्रीय राग आधारित और सुगम संगीत पर अपने गीतों से श्रोताओं को झूमने पर मजबूर कर दिया.



कार्यक्रम का आरंभ इंस्ट्रमेंटल गुरु सूर्यकांत चौधरी (वायलिन), सुरेंद्र (परकशन), अनुग्रह सिंह (ड्रम), विशेष सिंह (गिटार), ऋषभ आशीष पाठक (पखावज), दीपकांत जौहरी (तबला), डैरिक अमन जेम्स (कीबोर्ड), अमरनाथ (तबला), सीमा (सितार), गौरव शर्मा (हारमोनियम) और ओम सहाय (सारंगी) ने किया. फिर मंच पर गायन के तृषिका, गीतू अरोरा, अद्विका, सोनम गुआल, ज़ारा, श्रेया प्रभजोत, माही, अर्णव कनौजिया, अयांश, शौर्य, नीलम, अंशुमा अग्रवाल, काव्या और अग्रिम ने विश्व जन, ओ पालन हारे, दिल है छोटा सा जैसे गीतों को और बंदिश खमाज को अपनी आवाज में प्रस्तुत कर श्रोताओं की तालियां हासिल कीं.